BIHAR LEGISLATIVE ASSEMBLY

एकादश सत्र

1st March 2024

: [विधि - उर्जा - योजना एवं विकास - संसदीय कार्य - स्‍वास्‍थ्‍य - पर्यटन आपदा प्रबंधन].

कुल प्रश्न 3

पुलिस शिविर की स्थापना करना1

*1 **श्रीमती निशा सिंह (प्राणपुर):**

विधि क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत चौकिया पहाड़पुर पंचायत अत्यन्त दुर्गम क्षेत्र में अवस्थित है, जिस कारण अमदाबाद थाने की पुलिस को अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु वहॉं शीघ्रता से पहुँचने में कठिनाई होती है; यदि हाँ, तो क्या सरकार चौकिया पहाड़पुर चौक पर पुलिस शिविर स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

अपराध कम करने के उपाय बताना

*2 **श्री संजय सरावगी (दरभंगा):**

उर्जा :-

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(1) क्या यह बात सही है कि दिसम्बर, 2023 में राष्ट्रीय अपराध रिकॅार्ड ब्यूरो द्वारा जारी आकड़ों के अनुसार देश में 2021 के अनुपात में 2022 में कुल दर्ज अपराध घटे हैं, जबकि बिहार में कुल दर्ज अपराध बढ़े हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि देश में 2021 में कुल अपराध 60.9 लाख दर्ज हुए एवं 2022 में

58.2 लाख दर्ज हुए, जबकि बिहार में 2021 में कुल दर्ज अपराध 2.82 लाख एवं 2022 में कुल दर्ज अपराध 3.47 लाख दर्ज हुए ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में अपराध बढ़ने के कारण एवं इसको कम करने के उपाय बताना चाहती है, नहीं तो क्यो ?

अवैध लॉटरी के संचालन पर रोक

*3 **श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (नबीनगर):**

संसदीय कार्य :-

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत नवीनगर बाजार सहित पूरे जिले में अवैध लॉटरी लगाने का कार्य दबंग एवं अपराधी प्रवृति के लोगों द्वारा संचालित किया जा रहा है;

2. क्या यह बात सही है कि उपरोक्त अवैध गतिविधि में स्थानीय पुलिस संलिप्त है और स्थानीय जनता की कमाई लूटी जा रही है एवं सरकार को राजस्व की भी क्षति हो रही है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवीनगर सहित पूरे औरंगाबाद जिले में अवैध लॉटरी के संचालन पर रोक लगाने एवं दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हॉं तो कब तक, नहीं तो क्यों?